
K1Z1D1

# 1 दयालु शिकारी ( चित्रपाठ )

इस चित्रपाठ में हिरन का शिकार करने के लिए शिकारी जंगल में गया। हिरनी ने एक छोटे शावक को जन्म दिया है। उसी समय वह शिकारी की गोली का निशाना बन जाती है। शिकारी हिरनी के पास आता है - देखता है कि गोली टाँग में लगी थी। वह पछताता है। वह हिरनी और उसके बच्चे को डॉक्टर के पास ले जाता है, बाद में जंगल में उसी जगह छोड़ आता है।

इस चित्रपाठ में पशुओं के प्रति मानव का कैसा व्यवहार होना चाहिए और संसार में सभी को जीने का अधिकार है, यह बात बताई गई है।



## अभ्यास

**1. चित्र का अवलोकन करके प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(1) इस चित्रपाठ में किस पशु की बात है ?

(2) आपने किन-किन पशुओं को देखा है ?

(3) जंगल में कौन-कौन से जानवर देखने को मिलते हैं?

(4) चित्रपाठ के आधार पर शब्दों की सूची बनाइए।

**उदाहरण :** शिकारी, दयालु...

(5) चित्रपाठ के आधार पर चुने गए शब्दों को लेकर वाक्य बनाइए।

**उदाहरण :** एक दयालु शिकारी था।

**2. चित्रों के आधार पर निम्नलिखित जैसे प्रश्न पूछकर 'दयालु शिकारी' कहानी बनाइए :**

**उदाहरण :**

(1) पहले चित्र में हिरनी क्या कर रही है ?

(2) हिरनी जंगल में क्या-क्या खाती होगी ?

(3) हिरनी देखने में कैसी है?

(4) शिकारी हिरनी का शिकार क्यों करना चाहता था?

(5) गोली मारने के बाद शिकारी ने क्या किया?

(6) हिरनी के समीप जाकर शिकारी ने क्या देखा ?

(7) शिकारी हिरनी को कहाँ ले गया ? क्यों ?

(8) शिकारी ने हिरनी के साथ कैसा व्यवहार किया ? क्यों ?

**3. वर्ण के आधार पर अधिक से अधिक शब्द बनाइए :**

**उदाहरण : ख : खरगोश, खत्म, खाली, खाना....**

(ट, ड, म, भ)


W5W4F3

## स्वाध्याय


**1.** शिकारी हिरनी के पास क्यों गया ? अपने विचार लिखिए :

**2.** नीचे दो प्रसिद्ध कहानियों के चित्र दिए गए हैं, उनके नाम लिखकर कहानी लिखिए :



3. 'कौआ और लोमड़ी' कहानी बनाकर लिखिए :



**4. प्रश्न : 2 और 3 में आपको – कौन सी कहानी अच्छी लगी ? क्यों ?**

**5. नीचे दिए गए शब्दों के विरोधी शब्द घेरे में से ढूँढ़कर वाक्य प्रयोग कीजिए :**

(1) दयालु (2) बहुत (3) स्वस्थ (4) खुश (5) जन्म (6) बुराई

**उदाहरण :** दयालु × निर्दयी

- दयालु मनोज ने आहत चिड़िया को बचाया
- शिकारी निर्दयी होते हैं।

थोड़ा, निर्दयी, मरण, नाखुश, भलाई, अस्वस्थ, खुशी, चिंता

आप पढ़ चुके हैं कि किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान या भाव को प्रकट करनेवाले शब्दों को '**संज्ञा**' कहते हैं।

**6. नीचे दिए गए वाक्यों में जो 'संज्ञा' हैं, उन्हें रेखांकित कीजिए :**

**उदाहरण :** थोड़ी देर बाद उसे राम और श्याम मिले।

(1) पूजन की परीक्षा पाँच बजे तक चलनेवाली थी।

(2) सब अम्बाजी जा रहे थे।

(3) गुलाब का फूल मुझे पसंद है।

(4) हिमालय की चढ़ाई बहुत कठिन थी।

(5) आज बिल्ली सारा दूध पी गई।

**7. अंदाज अपना-अपना :**

- यदि शिकारी की जगह तुम होते तो क्या करते ? चर्चा कीजिए।

## योग्यता-विस्तार

- आपकी पाठशाला में आनेवाली पत्रिकाओं का अध्ययन करके चित्रकथा संग्रह बनाइए।
- अपने दादा-दादी के पास बैठकर कहानी सुनकर लिखिए।